भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर, पुस्तकालय
Indian Institute of Management Amritsar
LIBRARY

दैनिक जागरण 06/11/2023

IIM Amritsar media coverage on Dainik Jagaran 06/11/2023

जागरण सिटी अमृतसर

डिजिटल परिर्वतन से ही प्रौद्योगिकी का विकास : जैन

आइआइएम अमृतसर की ओर से फाइनांस और मार्केटिंग सम्मेलन 'परिप्रेक्ष्य' का आयोजन किया गया

आइआइएम अमृतसर की ओर से वार्षिक फाइनांस और मार्केटिंग सम्मेलन 'परिप्रेक्ष्य' के दौरान मंच पर उपस्थित (बाएं से) मनु कुमार, सुमीत सिंह, हरकवल सिंह, नीलेंदु मित्रा, समयुक्ता गणेश अय्यर। (दाएं) सम्मेलन के दौरान उपस्थित छात्र● सौ- आइआइएम

जागरण संवाददाता, अमृतसर : आइआइएम अमृतसर की ओर से वार्षिक फाइनांस और मार्केटिंग सम्मेलन 'परिप्रेक्ष्य' का आयोजन होटल ताज स्वर्णा में किया गया। परिप्रेक्ष्या का उद्देश्य सिर्फ विद्यार्थियों को फाइनांस और मार्केटिंग के ज्ञान की जानकारी देना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा दृष्टिकोण मंच प्रदान कराना था जिससे भावी प्रबंधकों को अपना मार्केटिंग दृष्टिकोण बढ़ाने में मदद मिल सके। सम्मेलन का उद्घाटन निर्देशक डा. नागराजन रामामूर्ति, डा. दिव्या त्रिपाठी, डा. रवि खाडोत्रा, फाइनांस पैनल के मुख्य व्यक्ता रजनीश जैन ने किया।

रामामूर्ति ने कहा कि मानव मस्तिष्क हमेशा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग से शक्तिशाली रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रही पैसों की प्रगति और उससे होने वाले फायदे और नुकसान से भी अवगत करवाया। फाइनांस पैनल के विषय 'डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन इन फाइनांस : एक्सप्लोरिंग दी इंटरसेक्शन आफ फाइनांस एंड टेक्नोलाजी पर बोलते हुए मुख्य वक्ता रिलायंस जियो इन्फोकाम लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी रजनीश जैन ने कहा कि प्रौद्योगिकी का विकास केवल चल रहे डिजिटल परिर्वतन से ही संभव है। सत्र के संचालक आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड के निर्देशक संजीव भसीन ने बताया कि कैसे भारत एक जबरदस्त तकनीकी क्रांति के शिखर पर है।

उन्होंने प्रौद्योगिकी के दोधारी तलवार का उल्लेख किया और बताया कि कैसे इसमें शोषण और साथ ही उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने की क्षमता है। इंडसइंड बैंक के मुख्य वित्तीय अधिकारी गोबिंद जैन ने शोषण की संभावनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि डिजिटलीकरण विनियमन को बेहद चुनौतीपूर्ण बना देता है, क्योंकि नियामकों को बहुत चुस्त होने की आवश्यकता होती है। जेएम फाइनांशियल के प्रबंध निर्देशक कृष्ण राव ने डिजिटल प्रौद्योगिकी की भूमिका और इसे सार्वजनिक रूप से अपनाने के बारे में विद्यार्थियों को बताया। उन्होंने कहा कि समाज अभी भी पारंपरिक प्रणालियों का सहारा लेता है, जिससे व्यवसाय उनका विश्वास अर्जित करने में विफल हो जाता है। मेडिसन वर्ल्ड के मुख्य वित्तीय अधिकारी चेतन बोरकर ने बताया कि कैसे डिजिटलीकरण कार्यबल को बदल रहा है, जिसके कारण व्यवसाय अब टीम की 1/5 शक्ति के साथ उत्पादकता से चार गुना अधिक काम कर सकते हैं।

डाटा से पता लगा सकते हैं उत्कृष्ट ग्राहक

मार्केटिंग सत्र का विषय 'डमिस्टिफाइंग दी डिजिटल मेज : फ्राम मीडिया एट्रीब्यूशन टू कस्टमर जर्नी' रहा। सत्र के मुख्य वक्ता सेल्स एंड मार्केटिंग, एमपी बिरला सीमेंट के वीपी डा. जय शंकर कुमार ने बताया कि आनलाइन प्लेटफार्म का व्यापार में अपना ही महत्व है। ग्रंाहक का पता लगाने की कुंजी डाटा से सहायक जानकारी प्राप्त करना है। माडरेटर, हीरो इलेक्ट्रिक के मार्केटिंग व कार्पोरेट कम्युनिकेशन प्रमुख मनु कुमार ने महामारी में कैसे लाकडाउन में आनलाइन प्लेटफार्म पर ग्राहक स्थानांतरित हुआ। इन्फो एज इंडिया लिमिटेड के समूह मुख्य विपणन अधिकारी सुमित सिंह ने व्यापार में नए प्लेटफार्मों की जांच कैसे करनी चाहिए, बारे बताया। अजमल परफ्यूम्स इंडिया के मार्केटिंग और रणनीति के उपाध्यक्ष नीलेंदु ने 'जेन जी' उपभोक्ता, जो ब्रांड के प्रति विशेष रूप से वफादार नहीं हैं, उनको लक्षित करने की चुनौतियों के बारे में बात की। काया लिमिटेड की मार्केटिंग प्रमुख कुमारी समयुक्ता गणेश अय्यर ने उपभोक्ता धारणा से जुड़ी चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया। डाबर इंडिया के हेड मार्केटिंग सर्विसेज एंड एक्सीलेंस हरकावल सिंह ने डिजिटल मार्केटिंग से जुड़ी कुछ चुनौततियां बताईं।

भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर
पुस्तकालय
LIBRARY
Indian Institute of Management Amritsar